भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 588
दिनांक 9 **दिसम्बर,** 2022 **को उत्तर देने के लिए**

"पाली, राजस्थान में एमईएस मेडिकल कॉलेज के लिए निधि"

588. **श्री पी. पी. चौधरीः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पाली में राज-एमईएस मेडिकल कॉलेज में अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिए बहु-विषयक अनुसंधान इकाई (एमडीआरयू) परियोजनाओं हेतु निधि स्वीकृत करने और जारी करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उक्त धनराशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है, और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री
(डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग) : भारत सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों/अनुसंधान संस्थानों में बहु-विषयक अनुसंधान इकाइयों की स्थापना के लिए एक योजना तैयार की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन कॉलेजों/संस्थानों में अनुसंधान वातावरण बनाना और उसको मजबूत करना है। योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों पर तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा विचार किया जाता है और टीईसी द्वारा अनुशंसित प्रस्तावों पर अनुमोदन समिति द्वारा विचार किया जाता है।
एमआरयू की स्थापना के लिए मंजूरी मिलने के बाद सरकार एमआरयू परियोजनाओं के लिए धन जारी करती है।

****